एक नजर में

## तेजा दशमी मनाई निशान निकालकर चढ़ाया



**सरदारपुर।** मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा तेजा दशमी श्रध्दा से मनाई गई, तेजा दशमी को लेकर नगर के मुख्य मार्गों से निशान निकालकर नेशनल हाइवे मार्ग पर स्थित तेजाजी मंदिर पहुंचकर निशान चढ़ाया गया।भक्तो ने तेजाजी के दर्शन कर आशिर्वाद लिया।इस अवसर पर मंदिर पर मन्नत धारियों की तांतिया छोडी गई।तेजा दशमी के चलते तेजाजी महाराज मंदिर पर सुबह से देर शाम तक भक्तजनों का आना-जाना लगा रहा।मंदिर पुजारी द्वारा भक्तो को प्रसादी बाटी गई।

## ये बंगला ये गाड़ी सबकुछ तेरा सावरिया मेरा तो कुछ नहीं



**सरदारपुर।** ये बंगला, ये गाड़ी सबकुछ तेरा सावरिया, मेरा तो कुछ नहीं।प्रसिद्ध भजन गायक गोलु शर्मा राजस्थान, शशांक तिवारी कुंदनपुर 4 सितम्बर को गणेशोत्सव के तहत सरदारपुर आगमन होगा।भजन गायक द्वारा खेल परिसर मैदान सरदारपुर में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी।कार्यक्रम आयोजक देश प्रेमी मित्र मंडल रहेगा। देश प्रेमी मित्र मंडल विगत 6 वर्षो से भव्य आयोजन करता आ रहा है।10 दिवसीय गणेश महोत्सव के तहत मित्र मंडल द्वारा 11 फिट की गणेश प्रतिमा की घटस्थापना की गई है।आकर्षित विधूत सजावट के बीच गजाननजी प्रतिमा विराजमान है, रात 8,30 बजे नगर के यजमानो द्वारा महाराज की महाआरती उतारकर प्रसादी वितरण की जा रही है।देश प्रेमी मित्र मंडल ने 4 सितम्बर रात 9 बजे गजानन भक्तो से भजन संध्या का लाभ लेकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

## धूमधाम से मनायातेजा दशमी का पर्व



**बदनावर** के ग्राम पिटगारा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तेजाजी महाराज का पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया गया।इस दिन जो भी भक्त तेजाजी महाराज से मन्नत लेता है और भक्तों कि मनोकामना पूर्ण होने पर भक्तगण तेजाजी महाराज के नाम से निशान बनाकर पूरे गांव में ढोल नगाड़े के साथ उनको लेकर घूमते हैं।इन्हीं निशान कि पूरे गांव के हर एक भक्त पूजा अर्चना करते हैं। तेजाजी राजस्थान के एक लोक देवता और प्रसिद्ध गौ रक्षक हैं, जिनका जन्म राजस्थान के नागौर जिले के खरनाल गाँव में 1074 ईस्वी में ताहड़ जी और राम कंवरी के घर हुआ था. उन्होंने गायों की रक्षा के लिए वचन निभाने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया. तेजाजी अपने वचनबद्ध होने और वीरता के लिए पूजनीय हैं ।ञ्च तेजाजी का जन्म राजस्थान के नागौर जिले में खरनाल गाँव में माघ शुक्ल चौदस, विक्रम संवत को हुआ था तेजाजी को गायों की रक्षा के प्रति उनके समर्पण और अपने वचनों पर अटल रहने के लिए जाना जाता है।लोक देवता के रूप में तेजाजी ने की गायों को बचाने के लिए एक सर्प से वचन लिया था कि वह उसे बाद में स्वयं कटने आएंगे. गायों को छुड़ाने के बाद, जब वे घायल अवस्था में वापस लौटे, तो उन्होंने सांप को अपनी जीभ आगे करके वचन निभाया ।तेजाजी महाराज को पूरे राजस्थान और उत्तर-पश्चिमी भारत में एक लोक देवता के रूप में पूजा जाता है. उनके नाम पर कई मंदिर और तीर्थ स्थल हैं।

## आज होगी महा आरती लगेगा गजानन को मोदक का भोग



**बदनावर .** बदनावर के प्रवेश द्वार पर स्थित श्री चेतनवीर हनुमान मंदिर परिसर में विगत 21 वर्षों से एक शानदार धर्म में आयोजन किया जा रहा है जो की बदनावर नगर में आस्था का केंद्र बना हुआ है हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन आरती में 8ः00 बजे उपस्थित होते हैं सार्वजनिक गणेश उत्सव समितिबड़ी चौपाटी के बड़े राजा की धूमधाम से आरती और बाद में भजन कीर्तन का आयोजन होता हैयहां की संगीत में महा आरती श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर देती है प्रीति दिन गणेश जी को भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया जाता है उसी कड़ी में आज बुधवार को महा आरती का आयोजन रखा गया है महा आरती में मोदक का भोग लगेगा जाट रहे इस मंदिर परिसर में भगवान श्री चेतन वीर हनुमान मंदिर के साथ ही भगवान भोलेनाथ का भी मंदिर स्थित है और पास में ही गणेश जी की स्थापना की जाती है और इन सब के परिसर के बाहर ही हिंदूवा सूरज सनातन रक्षक श्री महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थित है यू देखा जाए तो यह परिसर चारों ओर से धर्म मय है उत्सव समिति ने आग्रह किया है इस महा आरती का लाभ पूरे बदनावर ही नहीं आसपास के नगर वासी भी लेवे

## पठान राष्ट्रीय सामाजिक समरसता संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

**बाग** - राष्ट्रीय सामाजिक समरसता संगठन मध्यप्रदेश के सलाम खान पठान प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए गये । राष्ट्रीय सामाजिक समरसता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जनाब निसार खान टाईगर सहाब ने धार जिले के बाग ब्लाक के सलाम खान पठान को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया पठान के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर समाजजन सहित इष्ट मित्रों ने मुबारकबाद दी





# जटिल स्थानों से पाइप लाइन को निकालकर कंपनी ने बड़ी सफलता हासिल की

## 57422 हेक्टेयर जमीन के सिंचित 266 गांवों में पहुंचेगा नर्मदा का पानी

**बाग** - नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण विभाग क्रमांक 30 के अंतर्गत कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लिमिटेड कम्पनी के द्वारा इस कार्य को क्षेत्र में किया जा रहा हे जिसे नर्मदा झाबुआ पेटलावद थांदला सरदारपुर प्राजेक्ट के नाम से कम्पनी ने शुरू किया कम्पनी द्वारा पंपहाउस क्रमांक 1 चृदन खेड़ी मेघनाथ घाट से कार्य प्रारंभ किया था जो सफलतापुर्वक 3250 द्वद्व व्यास की 24 किलो मीटर लंबी लाइन पंपहाउस क्र, 2 खण्डलाई तक कमिशनींग का कार्य पूर्ण हो चुका है पंपहाउस क्र, 2 पर पानी पहुँचते ही नर्मदे हर के जय कारे लगने लगे एवं कर्मचारियों व ग्रामवासियों ने सफल टेस्टिंग पर खुशी ज़ाहिर की ओर नर्मदा का पानी पहुँचने पर पूजन किया एवं चुनरी अर्पित की कम्पनी के अधिकारियों ने बताया कि इस पंपहाउस पर 4200 किलो वाट के 10 पंप लगे है परियोजना में दबाव युक्त जल का वितरण हो सके इसके लिए सभी पंप को कम्प्यूटराइज्ड किया गया है जिससे उनकी हर गतिविधि पर सतत नज़र रखी जा सके ज्ञात हो की इस क्षेत्र में अनगीनत टेंड़ी मेंड़ी दुर्लभ पहाड़ियां थी जहां से इस प्रोजेक्ट को निकालना एक बड़ी चुनौती थी क्योंकि स्थान ऐसे थे जहां मशीनरी भी काम नहीं कर पा रही थी उसके बावजूद कम्पनी ने अपना कार्य प्रारंभ रखा और इस चुनौती को स्वीकार करते हुए अपने इंजिनियरों क़ी सुझ बुझ से इस नामुमकिन स्थान से मुमकिन कर पाईप लाईन को निकाला जिसे कम्पनी के अधिकारी और कर्मचारियों ने अपनी इस बड़ी सफलता पर खुशी जाहिर की ।

### किसानो के चेहरे खिलेंगे

इस क्षेत्र के 266 सिंचाई गावो तक नर्मदा लाईन पहुंचने से किसानों के चेहरै खिलेंगे क्योंकी जब इसमें पानी छोड़ा जाएगा तो इस क्षेत्र के तमाम खेत जो असींचित है उन्हें प्रयाप्त मात्रा में पानी मिलेगा और हर समय वो अपनी फसल ले सकेंगे खासकर शासन ने किसानो के लिए ही इस योजना को प्रारंभ किया है ।जब इन पहाड़ियों से पाईप लाईन का निकलना इन कठिनाईयो के बीच से प्रारंभ हुआ तो किसान भी खुशी से खील उठे और अधिकारीयों कर्मचारीयों का आभार माना और कहा आपकी मेहनत ने हमारे चेहरे खिला दिए ।

# अंशकालीन कर्मचारियों का भोपाल में विशाल धरना व घेराव आंदोलन



**सरदारपुर ।** प्रांत अध्यक्ष वासुदेव शर्मा जी के सानिध्य में भोपाल नीलम पार्क में विशाल धरना आंदोलन तथा भोपाल के समस्त विभागीय कार्यालयों का घेराव तथा संबंधित मंत्रीगण (राजस्व मंत्री, पंचायत मंत्री, जनजाति कार्य विभाग मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री) एवं माननीय मुख्यमंत्री के बंगलो का घेराव किया जाएगा।

अंशकालीन कर्मचारियों को मात्र ?5000 वेतन मिल रहा है। कई कर्मचारी 10ङ्क20 वर्षों से सेवा दे रहे हैं, फिर भी नियमितीकरण नहीं हुआ। 2007 के बाद से कर्मचारियों को गुमराह किया गया है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता 21 से अधिक योजनाओं का कार्य कर रही हैं, परंतु उन्हें उचित दर्जा और लाभ नहीं दिया गया। हिमाचल, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को वेतनभोगी कर्मचारी का दर्जा, बीमा एवं पेंशन लाभ दिया गया है। मध्यप्रदेश में भी इन्हीं शर्तों पर व्यवस्था लागू की जाए। इसी तारतम्य में महिला एवं बाल विकास विभाग के बंगले का भी घेराव किया जाएगा।

इसी क्रम में महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती ममता ठाकुर ने तहसील सरदारपुर में महिला शक्ति की बैठक आयोजित कर संदेश दिया कि— समान कार्य समान वेतन, शासकीय दर्जा तथा अंशकालीन भाइयों को दैनिक वेतनभोगी का दर्जा दिलाना है। श्रम न्यायालय का आदेश लागू होना चाहिए। ज्ञापन अनेक बार प्रस्तुत किए गए हैं, परंतु फाइलें ठंडे बस्ते में पड़ी हुई हैं। इसलिए अब भोपाल में मजबूती से आवाज उठानी होगी ।शकालीन कर्मचारियों की पीड़ा यही है कि मात्र ?5000 से परिवार चलाना असंभव हो गया है। इसलिए भाई-बहनों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में 07.09.2025 को भोपाल नीलम पार्क में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाएं।

जिला शाखा धार के पदाधिकारीगणः श्री भारत सिंह ठाकुर (जिला अध्यक्ष), प्रेम पटेल, संजय प्रजापत, गणेश कटारे, सज्जनलाल मेहरा, कन्हैयालाल मालवीय, भगवानदास बैरागी, नंदलाल मारू, श्रीमती तारा ठाकुर, निर्मल पाटीदार, दया भूरिया आदि। महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्षः श्रीमती ममता ठाकुर अन्य पदाधिकारीः राजेंद्र रावत (जिला उपाध्यक्ष), सुरेश गोयल, सज्जनलाल मेहरा, गोवर्धन हटीला, रमेश राठौड़, जमुना कटारे (कार्यकारी अध्यक्ष), गणेश कटारे (जिला उपाध्यक्ष), मुकेश गोयल, मुकेश चौहान, शैलेंद्र तिवारी (जिला संयोजक), प्रकाश अहीरवाल आदि।



# जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक ली

**बदनावर ।** विकासखंड के समस्त हाई स्कूल, हाई सेकेंडरी एवं संकुल प्राचार्य की आज शासकीय सांदीपनि विद्यालय बदनावर में समीक्षा बैठक रखी गई। जिला शिक्षा अधिकारी धार श्री केशव वर्मा द्वारा इस बैठक में विशेष रूप से इंस्पायर अवार्ड योजना विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट थीम पंजीयन हेतु निर्देश दिए गये ,और सभी को लक्ष्य दिया गया कि प्रत्येक विद्यालय से पढ़ने वाले विद्यार्थियों के इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत अपनी थीम ऑनलाइन पंजीयन शीघ्र करेंगे। इस संबंध में बैठक में उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी सेकड़िया डाबर, श्रीराम पाटिल एवं भैसोला प्राचार्य दीपक मदारिया ने भी ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया सभी को अवगत कराई, अपलोड किए जाने वाले समस्त प्रपत्रों की भी जानकारी प्रदान की। बैठक में आपने एक पेड़ मां के मां के नाम ,विद्यार्थियों की गणवेश, प्रोफाइल अपडेशन, निशुल्क पाठ्य-पुस्तकों ,पुस्तक वितरण विभाग की गतिविधियां, सीएम हेल्पलाइन का तत्काल निराकरण, साथी अपने सभी प्राचार्य से जानकारी ली कि विद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों में कोई समस्या हो तो आप मुझे अवगत ,कारण लिखित, में मुझे अवगत कारण ताकि उसका निराकरण अति शीघ्र किया जा सके। सभी विद्यालय समय पर खुले और समय पर बंद हो ई- अटेंडेंस सभी शिक्षक शत प्रतिशत लगावे ,नहीं लगाने पर वरिष्ठ द्वारा कारवाई होने पर समस्त उत्तरदायित्व उन शिक्षकों का स्वयं होगा जो ई अटेंडेंस नहीं कर रहे हैं। अपने विद्यालय में चल रही त्रैमासिक परीक्षाओं का भी अवलोकन किया और सभी को समय पर उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का भी निर्देश दिए।

# हरिद्वार श्री हरि का स्थान है दर्शन और स्मरण मात्र से ही पाप दूर हो जाते हैं : पं. अग्निहोत्री

नवभारत न्यूज

**बदनावर। सत्संग की सरिता में सरोबार होने का सौभाग्य उन्हीं को प्राप्त होता है, जिन पर स्वयं गोविंद की कृपा होती है। यह अवसर मात्र एक जन्म के पुण्य से नहीं, बल्कि जन्म-जन्मांतरों के संचित पुण्यों के उदय से ही संभव होता है। उक्त बात श्री राम मंदिर बोराली में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस कथा वाचक पंडित रमेश चंद्र अग्निहोत्री ने श्रद्धालुओं को भागवत कथा में बताई।**

कथा के प्रथम दिन आत्मदेव ब्राह्मण, उनके पुत्र गोकर्ण और धुंधकारी का प्रसंग वर्णित हुआ। इस कथा ने स्पष्ट किया कि सांसारिक बंधनों और दुराचारों से मुक्त होकर भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के मार्ग पर चलने से ही जीव मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। अग्निहोत्री ने ज्ञान और वैराग्य की महिमा का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि ये तीनों



मानव जीवन को पूर्णता प्रदान करने वाले आधार स्तंभ हैं,भक्ति से भगवान का साक्षात्कार, ज्ञान से आत्मबोध और वैराग्य से मोह से मुक्ति मिलती है।

कथा में महाभारत के प्रसंगों के साथ कलियुग के जन्म का भी उल्लेख हुआ। कलियुग के लक्षण बताते हुए कहा गया कि इस युग में केवल हरि-नाम संकीर्तन ही जीव को भवसागर से पार ले जाने वाला है।

इसके पश्चात राजा परीक्षित की कथा सुनाई गई कैसे श्रृंगी ऋषि के श्राप से उनका जीवनकाल निश्चित हुआ और अंतिम समय में उन्होंने सुकदेव जी से भागवत कथा का श्रवण कर आत्मकल्याण किया।?कथा में हरिद्वार धाम की महिमा का भी उल्लेख किया गया। यह धाम गंगा की पवित्र धारा और संत-समागम से विशेष है। हरिद्वार का स्मरण मात्र ही पापों का हरण करने वाला और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करने वाला बताया गया। प्रथम दिन के यजमान नरेंद्र पटेल ने पोथी का पूजन किया।

एक नजर

**मुंबई माता मंदिर में संपन्न बैठक में पेंशनर्स कल्याण मंडल का गठन किया गया**

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ तहसील शाखा बदनावर की मासिक बैठक

**बदनावर ।** अध्यक्ष महेंद्र सिंह चंद्रावत की अध्यक्षता में मुंबई माता मंदिर में संपन्न हुई, बैठक के प्रारंभ में सभी को गणेश उत्सव की शुभकामना दी गई, अध्यक्ष चंद्रावत द्वारा उपस्थित सदस्यों को बताया कि माह दिसंबर 2025 या जनवरी 2026 में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ जिला शाखा धार द्वारा पेंशनर्स दिवस मनाने हेतु बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है.

उक्त सम्मेलन में 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनर्स जिनका जन्म 1-1-1950 से 31-12-1950 में हुआ है उनका सम्मान किया जावेगा, बैठक में यह भी बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा पेंशनर्स कल्याण मंडल का गठन किया गया जिसमें प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ के किसी भी सदस्य को सम्मिलित नहीं किया गया, इसलिए अपने पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा विधायक बदनावर को विगत दिनों मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं अपर सचिव वित्त विभाग के नाम संबोधित कर ज्ञापन प्रस्तुत किया जाकर हमारे संगठन के दो सदस्यों को सम्मिलित किए जाने का अनुरोध किया गया,



संभाग एवं जिलों से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश बुधौलिया के स्वस्थ होने पर संभाग,जिला तहसील ब्लाक के पदाधिकारी एवं सदस्य भोपाल में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री से संपर्क कर पेंशनर्स कल्याण मंडल में अपने सदस्यों को लिए जाने हेतु दबाव बनाएंगे उसके उपरांत यदि पक्ष का निर्णय नहीं लिया तो अन्य मांगों के साथ इस बिंदु को लेकर उग्र आंदोलन भी किया जा सकता है इसके लिए सभी तैयार रहे, बैठक में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत हुए छोगालाल मारू, परमानंद पाटीदार एवं पुखराज अग्रवाल द्वारा संघ की सदस्यता लिए जाने पर अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी द्वारा मोतियों की माला पहनाकर स्वागत किया गया,

बैठक के अंत में संघ के वरिष्ठ सदस्य बजेंन्द्र सिंह राठौर काछिबड़ौदा एवं श्री कैलाशचंद्र जी वैष्णव की धर्मपत्नी श्यामा देवी वैष्णव का देहांत हो जाने से उन्हें 2 मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई,

बैठक में जिला उपाध्यक्ष हुकुमसिंह सोलंकी वरिष्ठ सदस्य विश्राम सालवी, रामचंद्र वर्मा, मनोहर मेहरूनकर, बाबूलाल धांधल, बापूसिंह यादव, शांतिलाल कुमावत, लोकेंद्र जोशी, रमेशचंद्र हारोड, श्यामलाल शर्मा, अरुण देव, उमरावसिंह ठाकुर, ईश्वरलाल जोशी, सत्यनारायण गोयल, ईश्वरपुरी गोस्वामी, सिराजुद्दीन कुरैशी, जगदीशचंद्र सोलंकी, नरसिंह सोलंकी, बसंतीलाल पाटीदार, कन्हैयालाल सोनिगर, कैलाशचंद्र गुप्ता, रुमालसिंह परमार, भेरूलाल आदि सदस्य उपस्थित थे, उक्त जानकारी सचिव हुकुम सिंह सोलंकी द्वारा दी गई ।।